HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Sixth Session)

Questions For Oral Answer

Friday, 23rd August, 2019/1st Bhadrapada, 1941(Saka)

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Education Minister - Urban Development Minister - Agriculture Minister - Health and Family Welfare Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister - Industries Minister - Forest Minister and Social Justice & Empowerment Minister].

Total No. of Questions - 50

Teaching and Non-Teaching Staff

*1342 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) what is the total number of sanctioned posts of teaching and non-teaching staff in Government Degree College 16 Mile, Dhami and Atal Bihari Vajpayee Degree College Sunni; how many posts are lying vacant; and

(b) what is the total number of sanctioned posts of teaching and non-teaching staff in Primary, Middle , High and Senior Seconday Schools in Shimla Rural Constituency and how many are lying vacant; details be given?

आवास योजना

*1343 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्ष में दिनांक 31-07-2019 तक प्रधानमन्त्री व मुख्य मन्त्री आवास योजनाओं के अन्तर्गत हमीरपुर में कितने परिवारों को लाभान्वित किया गया; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) ऐसे कितने परिवार हैं जिन्हें इन योजनाओं के अन्तर्गत लाभ नहीं पहुँचा है; ब्यौरा नाम सहित दें?

भवन निर्माण

*1344 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय महाविद्यालय भरली के भवन का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ख) रा0व0मा0पा0 नघेता, बातामण्डी, रा0व0मा0पा0(छा0) पिपलीवाला और रा0उ0पा0 कोटड़ी ब्यास के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

Digital Subtraction Angiography Machine

*1345 **Sh. Anirudh Singh (Kasumpti):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Government has decided to install Digital Subtraction Angiography Machine at I.G.M.C. Shimla;

(b) if so, by when this machine will be installed; and

(c) by when the construction work of new building of Cancer Hospital will be started; details be given?

Solar Fencing System

*1346 **Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) how many cases of installation of Solar Fencing System under Mukhya Mantri Khet Sanrakshan Yojna awarded to M/S Lovely Solar Energy, Village Dari, P.O. Chailchowk, Tehsil Chachyot, District Mandi in November and December, 2018; beneficiary-wise details be given;

(b) out of these how many cases of installation are pending, details be given alongwith reasons of pendency;

(c) by when the work of left out installion of solar fencing will be completed; and

(d) will the Government compensate those farmers who have lost their crops due to delay by Contractor and penalise the Contractor for delay?

पी0 एच0 सी0 भुंतर/सी0 एच0 सी0 तेगुबेहड़

*1347 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार ने पी0 एच0 सी0 भुंतर और सी0 एच0 सी0 तेगुबेहड़ का विलय करने का निर्णय लिया था;

(ख) सी0 एच0 सी0 तेगूबेहड़ में डाक्टर, स्टाफ नर्स और अन्य स्टाफ भर्ती किया गया है; और

(ग) सरकार इस अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने का विचार रखती है?

ऊन पिंजाई सयंत्र लाहल

*1348 **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) ऊन पिंजाईं सयंत्र लाहल का निर्माण कब व कितनी लागत से किया गया; इस हेतु कौन-कौन सी मशीनों का क्रय किया गया तथा कितने लोगों को रोज़गार दिया गया; और

(ख) यह सत्य है कि वर्तमान में यह सयंत्र बन्द पड़ा है; यदि हां, तो इसे पुनः चालू करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

सिंचाई/पेयजल योजनाएं

*1349 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल नेरवा एवं कसुम्पटी के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं और पेयजल योजनाओं की कितनी निविदाएं आमन्त्रित की गई; इन योजनाओं हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान है; कितनी व्यय की गई, कितनी शेष है और क्या यह योजनाएं कार्यान्वित हो गई हैं; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार इन योजनाओं को पूर्ण करने हेतु विशेष धनराशि प्रदान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

वन परिक्षेत्र

*1350 **श्री जवाहर ठाकुर(दरंग) :**
श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में फॉरैस्ट सर्वे ऑफ़ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के वन क्षेत्र में कितने प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई है; कितने वन विभाग के हैं तथा कितने वन निजी भूमि मालिकों के हैं; जो वृद्धि वन परिक्षेत्र में है उसमें कितने वन बड़े पेड़ के हैं तथा कितने वन झाड़ियों के हैं; ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश में वन विभाग के कितने वन मण्डल कार्य कर रहे हैं व इनके अन्तर्गत कितने वन परिक्षेत्र हैं; इनमें कितने परिक्षेत्र संवेदनशील व अति-संवेदनशील हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें;

(ग) वन परिक्षेत्रों में से किस-किस में कटान, आग व खनन से निपटने के लिए सरकारी वाहन उपलब्ध हैं तथा जिन वन परिक्षेत्रों में वाहन उपलब्ध नहीं हैं उन्हें वाहन कब तक उपलब्ध करवा दिये जाएंगे; ब्यौरा वन परिक्षेत्रवार दें?

स्मार्ट सिटी प्रोजैक्ट

*1351 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) धर्मशाला व शिमला को स्मार्ट सिटीज़ प्रोजैक्ट की केन्द्र से कब मंजूरी मिली; कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और कितनी प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई; और

(ख) इन प्रोजैक्टों के लिए फंडिंग पैटर्न 90:10 की बजाय 50:50 की शर्त क्या राज्य सरकार ने मान ली है?

Horticulture Development Project

***1352 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of Horticulture Development Project; and

(b) which external agency is funding this project?

अवैध भवन

***1353 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) प्रदेश में विभिन्न नगरों एवं नगरों से बाहर कितने अवैध भवन हैं जिनका नियमितीकरण किया जाना वांछित है; ब्यौरा दें; और

(ख) नगर क्षेत्र से बाहर स्थित अवैध भवनों के नियमितीकरण की क्या नीति है?

नर्सरी कक्षाएं

***1354 कर्नल इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**
श्री राजिन्द्र गर्ग(घुमारवीं) :

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश की राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं में नर्सरी की कक्षाएं आरम्भ कर दी गई हैं;

(ख) यदि हां, तो इनको प्रारम्भ करने के उपरांत पाठशालाओं में बच्चों की संख्या में कितनी वृद्धि हुई; ब्यौरा जिलावार दें;

(ग) यह सत्य है कि सरकार ने नर्सरी कक्षा के बच्चों को मिड-डे मील हेतु धनराशि का प्रावधान नहीं किया है व साथ ही इन्हें पढ़ाने के लिए अध्यापकों की भी अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई है; यदि हां, तो सरकार एन0टी0टी0 की भर्ती करने का विचार रखती है?

निर्मित पाठशालाएं

***1355 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितनी पाठशालाओं के भवन वन विभाग की भूमि पर निर्मित हैं; जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्मित ऐसी पाठशालाओं का ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार शिक्षा विभाग के नाम भूमि स्थानांतरित करने हेतु क्या पग उठा रही है?

School Management Committee

***1356 Sh. Satpal Singh Raizada(Una) :**
Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many teachers of all categories are working on SMC basis in the State; details be given category-wise and district-wise;

(b) whether the Government has made any policy to regularize these teachers; and

(c) is there any plan of the Government to employ more teachers on SMC or any other such basis?

सब्जी मंडी मैहन्दली

***1357 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सब्जी मण्डी मैहन्दली का निर्माण कार्य बंद है; यदि हां, तो कारण?

विश्राम गृह

***1358 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के कितने विश्राम गृह हैं तथा क्या सरकार नये विश्रामगृह बनाने का विचार रखती है?

पेयजल योजनाएं

***1359 श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाएं स्वीकृत हैं; इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई तथा कितनी योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं, ब्यौरा दें;

(ख) जिन योजनाओं का कार्य आरम्भ नहीं हुआ है उनका कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; और

(ग) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की उठाऊ सिंचाई योजना शाकरा का कार्य कब से आरम्भ हुआ है; कितनी धनराशी स्वीकृत हुई तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

उठाऊ पेयजल योजना

***1360 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ब्रीक्स (BRICS) द्वारा ऊपरी बल्ह के लिए स्वीकृत उठाऊ पेयजल योजना के कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

स्वीकृत योजनाएं

***1361 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि 01 अप्रैल, 2019 से दिनांक 31.07.2019 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की कितनी पेयजल/सिंचाई योजनाएं स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें?

School Buildings

***1362 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether it is a fact that school buildings of GSSS Narkanda, Baragaon and Balag are badly damaged and require immediate repair; if yes, what steps have been taken by the Government to provide funds for the same?

Public Information Board

***1363 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how many panchayats have installed Public Information Boards in the State; and

(b) how much amount has been spent on installation of these Boards; Block-wise details be given?

पदपूर्ति

***1364 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक तथा माध्यमिक पाठशालाएं हैं जिनमें एक भी अध्यापक कार्यरत नहीं हैं तथा प्रतिनियुक्ति के माध्यम से पढ़ाई करवाई जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो इन पाठशालाओं में कब तक नियमित अध्यापकों की नियुक्ति कर दी जाएगी?

फल प्रसंस्करण सयंत्र

*1365 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत फल प्रसंस्करण सयंत्र और कोल्ड स्टोर लगाने का विचार रखती है?

Construction of Buildings

*1366 **Sh. Nand Lal(Rampur) :**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state what is the latest postion of construction of CHC building at Gaura and PHC building at Dansa, Laba at Rampur; how much funds have been provided for the same and by when the work will be completed?

पदपूर्ति

*1367 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कितने पद सृजित हैं; कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

अम्ब पंचायत का उन्नयन

*1368 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार ग्राम पंचायत अम्ब को नगर परिषद् बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

विज्ञान कक्षाएं

*1369 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह में विज्ञान कक्षा चलाने हेतु विभाग द्वारा कब अनुमति प्रदान की गई; और

(ख) क्या इस महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएं चलाई जा रही हैं; यदि नहीं, तो कारण?

Majiyat Parking and Motorable Road

*1370 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that in Ward No. -7 at Majiyat, parking will be constructed by the Government; if so, by when the land will be provided for the same; and

(b) what steps have been taken by the Government to improve the condition of the Ambulance Road in the ward?

शहीदी स्मारक

*1371 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार हमीरपुर में शहीद स्मारक बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पौधारोपण

*1372 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में 31.07.2019 तक प्रदेश में कितनी हैक्टेयर भूमि पर पौधारोपण किया गया; इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा पौधों की जीविका दर क्या रही; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

अवैध खनन

*1373 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नौटी खड्ड के नजदीक सवां क्यार में अवैध खनन किया जा रहा है; यदि हां, तो इसकी रोकथाम हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Vacancy Position

*1374 **Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Education Minister** be pleased to state what is the sanctioned strength of posts in Government Primary & Middle Schools in Kullu Assembly Constituency; how many are lying vacant and by when these will be filled up?

मिड हिमालयन प्रोजैक्ट चुवाड़ी

*1375 **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मिड हिमालयन प्रोजैक्ट द्वारा कितनी धनराशि किन मदों व कार्यों पर व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार दें?

उद्यान विभाग में रिक्तियां

*1376 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उद्यान विभाग के कितने कार्यालय कार्यरत हैं; नाम सहित ब्यौरा दें तथा इनमें कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं; और

(ख) इन संस्थानों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

पशु औषधालय

*1377 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु चिकित्सालय व कितने पशु औषधालय कार्यरत हैं; और

(ख) सरकार नए पशु औषधालय खोलने का विचार रखती है?

अधूरे प्रोजैक्ट

*1378 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा चलाई जा रही परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं; और

(ख) यदि हां, तो इनके कार्यान्वयन हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

आम के पेड़ों का कटाव

*1379 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में आम के पेड़ काटने की अनुमति है;

(ख) यदि हां, तो जनवरी, 2018 से जुलाई, 2019 तक कितने आम के पेड़ काटे गए हैं; और

(ग) सरकार आम के पेड़ काटने पर पाबंदी लगाने का विचार रखती है?

Function of Vice-Chairman

*1380 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) what are the functions of Vice-Chairman of H.P. Forest Corporation;

(b) whether there is any office of H.P.Forest Corporation in Kinnaur District;

(c) where is the office of the Vice-Chairman of H.P. Forest Corporation located; details of tours undertaken by Vice-Chairman H.P. Forest Corporation since his appointment till 31.07.2019 with purpose of tour and a copy of log book be given?

उद्योग स्थापन

***1381 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक उद्योग स्थापित करने हेतु कितनी औद्योगिक इकाइयों के मामले स्वीकृति हेतु लम्बित पड़े हैं; और

(ख) औद्योगिक इकाइयों को स्वीकृति प्रदान करने में अवांछित ढील के लिए सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी?

Vacancy Position

***1382 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many schools (Primary, Middle, High &+2) are there in Chamba District; and

(b) how many posts of different categories are lying vacant in these schools; details be given institution-wise?

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्दासू

***1383 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्दासू को सरकार नागरिक अस्पताल बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) क्या इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में X-Ray की सुविधा उपलब्ध है?

उठाऊ पेयजल योजनाएं

***1384 श्री सुरेन्द्र शौरी(बन्जार) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल शमशी में कितनी उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं निर्माणाधीन हैं; कार्य किन ठेकेदारों को और कब आवंटित किए गए तथा कितनी धनराशि के; ब्यौरा दें; और

(ख) इस मण्डल के अन्तर्गत किन-किन उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं के लिए विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने हेतु कितनी धनराशि विद्युत विभाग के पास जमा करवाई गई है और यह ट्रांसफार्मर कब तक स्थापित कर दिए जाएंगे?

बस सेवा

***1385 श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिमला से शाकरा-मुगणा बस सेवा को बन्द कर दिया गया है; और

(ख) सरकार शिमला से जस्सत-रौडीधार बस सेवा चलाने पर विचार करेगी; यदि हाँ, तो दोनों बस सेवाओं को कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; और

(ग) यह सत्य है कि करसोग डिपो के अन्तर्गत सनारली में परिवहन निगम की वर्कशॉप बनाना प्रस्तावित है; यदि हाँ, तो इसका कार्य कब शुरू किया जाएगा तथा इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है?

प्रोसेसिंग प्लांट

***1386 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेरचौक में प्रोसेसिंग प्लांट का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

करुणामूलक आधार पर नियुक्तियां

***1387 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में करुणामूलक आधार पर नियुक्ति हेतु नई संशोधित नीति के अन्तर्गत कितने मामले लम्बित हैं; और

(ख) कितनों को नियुक्ति प्रदान की गई तथा शेष आवेदकों को कब तक नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

New Development Block

*1388 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state whether it is a fact that the Government proposes to open Development Blocks under Palampur, Doon and Jawalaji Constituencies; if yes, by when; if not, reasons thereof?

पदपूर्ति

*1389 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खजियार आयुर्वैदिक डिस्पैंसरी में चिकित्सक तथा कम्पाऊंडर के पद रिक्त हैं; यदि हां, तो इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

पाठशालाओं का उन्नयन

*1390 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गत वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा कितनी पाठशालाओं का उन्नयन किया गया है; ब्यौरा नाम सहित दें?

प्राथमिक पाठशालाएं

*1391 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी प्राथमिक पाठशालाएं कार्यरत हैं, कितनी पाठशालाओं में LKG/ UKG की कक्षाएं प्रारम्भ की गई हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इन पाठशालाओं में कितने पद रिक्त हैं व इन्हें कब तक भर दिया जायेगा?

शिमलाः 171004. | **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 7 अगस्त, 2019. | **सचिव।**